क्यू0सी0आई0 द्वारा नगर निगम, शाहजहाँपुर ओ0डी0एफ0 प्लस घोषित किया गया

शाहजहांपुर (विधान केसरी)। नगर निगम, शाहजंहापुर का विभिन्न मानको के तहत सर्वे दिनांक 17-18 नवम्बर 2020 को क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इंडिया (क्यू0सी0आई0) की टीम के द्वारा किया गया। टीम द्वारा मो0 अजीजगंजगंज, अजीजगंज समीप मा0 कॉषीराम कालोनी की मलीन बस्तियों, अब्दुल्लागंज, ख्वाजाफिरोज, इन्दिरानगर, लौका वार्ड के आवासीय क्षेत्र, रौजा मण्डी, मोहम्मदजई, चौक बाजार के व्यवसायिक क्षेत्र हनुमत धाम शहीद पार्क राम प्रसाद बिस्मिल पार्क, मछली मार्केट, सार्वजनिक क्षेत्र, रोडवेज बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, ट्रॉसपोर्ट क्षेत्र, गर्रा नदी, खन्नौत नदी, नदी क्षेत्र, अजीजगंज रोड, सिंजई, रोड बाडूजई पेशावरी रोड, स्टेशन रोड, काली मन्दिर रोड, फायर स्टेशन क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय/ सार्वजनिक शौचालय एवं यूनिरल टॉयलेट की स्वच्छता का निरीक्षण किया गया, जिसके आधार पर नगर निगम शाहजहांपुर को ओ0डी0एफ0 प्लस घोषित किया गया।